स्थापना दिवस तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने किया एकैडमिक भवन का शिलान्यास

यूटीयू ने मनाया अपना 20वां स्थापना दिवस

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य में तकनीकी शिक्षा के उन्नयन हेतु स्थापित वर्तमान वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू का शनिवार को 20वां स्थापना दिवस तथा द्वितीय पूर्व छात्र सम्मेलन बड़े धूमधाम से बनाया गया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर तकनीकी शिक्ष मंत्री सुबोध उनियाल ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित होने वाले एकैडमिक भवन का शिलान्यास किया। इसके साथ हीं उन्होंने परिसर में निर्मित लॉन टेनिस कोर्ट, बासकेट बॉल कोर्ट और विश्वविद्यालय कैन्टीन भवन, ओपन जिम, स्टूडेंट लाउंज का लोकार्पण भी किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने इस अवसर पर पधारे पूर्व छात्रों तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को विगत एक वर्ष की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन-2023 की प्रतियोगिता मे परिसर संस्थान नन्ही परी सीमान्त इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट पिथौरागढ़ की विजेता टीम के छात्रों तथा उनके मेंटर को

सम्मानित किया तकनीकी शिक्ष मंत्री ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि यूटीयू ने इन डेढ-दो वर्षों में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने की जो धारण बनायी है उससे विश्वविद्यालय ने अपनी अच्छी पहचान बनायी है जो कि अच्छे संकेत हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत को आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी व वैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाना हैं। तकनीकी शिक्षामंत्री ने सम्बोधन में कहा कि सभी डॉक्टर्स व इंजीनियर्स को बदलती तकनीकी के साथ अपने आप को भी अपडेट करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया जाना भी सराहनीय प्रयास है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रयासरत है और लगभग 500 करोड़ के बजट के प्रावधान से तकनीकी शिक्षा को विकसित करने को प्रयासरत है। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा किविश्वविद्यालय के कैम्पस संस्थानों का बहुत बड़ा महत्व है उनमें गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किये जाने के प्रयास पर ध्यान दिया है और कहा कि विश्वविद्यालय का एक और कैम्पस संस्थान शीघ्र ही नरेन्द्रनगर में स्थापित होने जा रहा है जिसका जल्द नोटिफिकेशन जारी हो जायेगा। इससे पहले सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक सहदेव पुण्डीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि छात्रों को अच्छी सुविधायुक्त व गुणवत्तापरक शिक्षा मिले और उन्होंने कहा विश्वविद्यालय से अपेक्षा की गई कि वीर माधो सिंह भण्डारी जिनके नाम पर इस विश्वविद्यालय का नामकरण हो रखा है उस विषय पर छात्रों के लिए परिचर्चा को एक सत्र होना चाहिए।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मोनिका गर्ग, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आर्टिफिसिएल इंटैलीजेंस के बारे हमारे देश की आधी से भी ज्याद आबादी अनजान है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का डिजिटल सोविनर- 2023 भी जारी किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय की उपलब्धि व आगामी प्रस्तावित कार्यों का विवरण रखा गया है। कार्यक्रम में सात सात पूर्व छात्रों को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु एल्युमिनी अवार्ड भी वितरित किये गये।

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो सत्येन्द्र सिंह ने उपस्थिति सभी सम्मानित जनों का ध्यान ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, कुलसचिव, प्रो सत्येन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ वीके पटेल व परिसर संस्थान निदेशक प्रो मनोज कुमार पाण्डा-महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉ एसके प्रधान, निदेशक टीएचडीसीआईएचईटी टिहरी, डॉ अमित अग्रवाल निदेशक-आईटी गोपेश्वर, डॉ एचएल मंदौरिया निदेशक आईटी टनकपुर सहित विभिन्न संस्थानों के निदेशक, शिक्षक व विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक तथा कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थितिरहे।